सं0-52/2016/1307/62-2-2016-14एम0आई0/97टीसी-III

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 19 मई,2016

विषय- वित्तीय वर्ष 2016-17 के प्रथम छ:माही में जिला योजना (सामान्य व एस0सी0पी0) गहरे एवं नि:शुल्क बोरिंग के लक्ष्य के 25 प्रतिशत बोरिंगों पर जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु आई0एस0 कोड-14151(पार्ट-2)/2008 के अन्तर्गत सहज संयोजी पालीएथिलीन पाइप, 90 एम0एम0 नामिनल डायामीटर, 0.25 एम0पी0ए0 (क्लाज-1) मय आवश्यक फिटिंग्स के क्रय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-जी-03/ल0सिं0/भ0आ0/ एफ0बी0-एच0डी0पी0ई0-90/2016-17, दिनांक 02.5.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उघोग अनुभाग-7 के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0 पी0)/92, दिनांक 17-10-1994 में दी गयी व्यवस्थानुसार गठित क्रय समिति द्वारा संस्तुति दे दी गयी है, वित्तीय वर्ष 2016-17 में नि:शुल्क बोरिंग योजनान्तर्गत 1816 कृषकों की नि:शुल्क बोरिंग एवं जनपद ललितपुर में निर्मित होने वाली 50 गहरे नलकूपों पर जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु 90 एम0एम0 नामिनल डायामीटर, 0.25 एम0पी0ए0 (क्लाज-1) मय आवश्यक फिटिंग आई0एस0 कोड-14151 (पार्ट-2)/2008 सहज संयोजी पालीएथिलीन पाइप एवं फिटिंग्स सेट की, मैसर्स तिजारिया पालीपाइप्स, लि0 जयपुर (राजस्थान) से प्राप्त आईटमवार दरों के आधार पर निम्नलिखित तालिका के अनुसार क्रय किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

S. No.	Description of Item	Required Qty. under available Budget	Basic Rate Ex-works (Rs.)	Average freight anywhere in U.P. at their Central District Store (Rs.)	F.O.R. destination rates excluding VAT etc. (Rs.) (4)+(5)
1	2	3	4	5	6
1-	ISI Marked 90mm Nominal diameter, 0.25 MPA (Class-I) Quick Coupled Polyethylene Pipe (HDPE Pipe) in length of 6.0 meter (+ 0.01 meter) IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments.	69,942 Meter	82.00 Per Meter	5.00 Per Meter	87.00 Per Meter
2-	One Set of ISI Marked fittings (one number 900 Bend, one number 900 Tee, one number Ends cap and one number pump connecting nipple) suitable to fit with above pipe IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments,	1866 Set	590.00 Per Set	20.00 Per Set	610.00 Per Set

नोट:- कालम-6 में दर्शायी गयी दरों के अतिरिक्त VAT etc. तत्समय प्रचलित दरों पर नियमानुसार अलग से देय होगा।

2- <u>शर्ते/प्रतिबन्ध</u>

(i) उक्त सामग्री का क्रय धन की उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद ही किया जाय।

(ii) उपर्युक्त सभी पाइप का क्रय टेण्डर प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकों के अनुरूप ही किया जायेगा।

(iii) उपर्युक्त पाइप का नियमानुसार भुगतान जिला योजना (सामान्य व एस0सी0पी0) के अन्तर्गत गहरी बोरिंग योजना, डा0 राम मनोहर लोहिया सामूहिक नलकूप योजना (राज्य योजना सामान्य व एस0सी0पी0) तथा नि:शुल्क बोरिंग योजना के अन्तर्गत बोरिंगों के लिए अवमुक्त/उपलब्ध धनराशि से ही किया जायेगा।

(iv) सम्पूर्ण आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा निविदा आमंत्रण, निविदा शर्तो का निर्धारण व स्वीकृत दरों एवं स्वीकृति आपूर्तिकर्ताओं के संबंध में समस्त उत्तरदायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

(v) उघोग विभाग के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0पी0) /92, दिनांक 17-10-1994 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत पाइप का क्रय, सामग्री क्रय नियमों के अनुसार है और प्रस्तावित पाइप उघोग निदेशालय, कानपुर द्वारा निर्णीत किये गये किसी दर अनुबन्ध के अन्तर्गत नही आता है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(vi) टेण्डर डाक्यूमेन्ट में उल्लिखित सभी प्राविधान फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के वाल्यूम-5, भाग-1 में उल्लिखित नियमों तथा टेण्डर संबंधी अन्य नियमों के अन्तर्गत है, क्रय समिति का गठन उघोग विभाग के शासनादेश के अनुकूल है तथा क्रय हेतु वांछित पर्याप्त धनराशि बजट में उपलब्ध है।

(vii) जो भी मात्रा या आकंलन मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई के द्वारा प्रेषित किया गया है उसके आकंलन का उत्तरदायित्व भी मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा। वह यह भी सुनिश्चित करेगें कि किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक क्रय न किया जाय।

(viii) जो भी क्रय किया जाय वह स्वीकृत धनराशि के सपेक्ष किया जाय। मुख्य अभियंता, लधु सिंचाई द्वारा जो बचत सूचित किया गया है, उसके आकंलन के संबंध में मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई ही उत्तरदायी होगें।

(ix) प्रस्तावित पाइप व फिटिंग की मात्रा निविदित सीमा के अन्तर्गत है और निविदा की शर्तो के अनुसार है।

3- उक्त शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अक्षरश: एवं कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

भवदीया,

(रेणुका कुमार)
प्रमुख सचिव।

सं0-52/2016/1307(1)/62-2-2016,तददिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, उघोग विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- सचिव, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उघम अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।
4- उघोग निदेशक, (सामग्री क्रय अनुभाग) उ0 प्र0 कानपुर।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in